कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 30-03-2025

विषय:- सम्पत्ति की लालच में पुत्र द्वारा षड़यंत्र कर पिता की हत्या कर शव को झाड़ी में फेंके जाने के मामले का थाना रामनगर पुलिस द्वारा 12 घण्टे के अन्दर अनावरण कर घटना में संलिप्त 02 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली व प्रभारी निरीक्षक रामनगर के नेतृत्व में थाना रामनगर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0- 61/2025, धारा- 103(1) बी0एन0एस0 की घटना का 12 घण्टे के अन्दर सफल अनावरण करते हुए घटना में संलिप्त अभियुक्तगण 1.राजकुमार पटेल पुत्र श्याम जी पटेल निवासी ग्राम फत्तेपुर साहूपुरी थाना अलीनगर चन्दौली उम्र 39 वर्ष 2.मंयक पटेल पुत्र गुलाब चन्द्र निवासी कौशलपुरी कालोनी हैदराबाद गेट नासिरपुर सुसुवाही थाना चितईपुर वाराणसी उम्र 21 वर्ष को दिनांक- 30/03/2025 समय 01.15 बजे, गोरैया गाँव मोड़ से थोड़ा पहले गिरफ्तार कर हिरासत पुलिस में लिया गया तथा तीसरे अभियुक्त शिवशंकर पटेल की तलाश हेतु लगातार रामनगर पुलिस द्वारा की जा रही है।

घटनाक्रम का विवरण: दिनांक- 29.03.2025 को प्रातः लगभग 8 बजे थाना क्षेत्र रामनगर के दुर्गा माता मंदिर स्थित 52 बीघा जंगल मे एक अज्ञात शव के पडे होने की सूचना प्राप्त होने पर प्रभारी निरीक्षक रामनगर थाना स्थानीय से गठित टीम के साथ मौके पर पहुंचे जहां एक व्यक्ति उम्र करीब 55 वर्ष का शव पडा हुआ था। अप्राकृतिक मृत्यु की संभावना पर फील्ड यूनिट/ फोरेन्सिक टीम को मौके पर बुलवाया गया। मृतक की शिनाख्त श्याम जी पटेल पुत्र स्व0 रघुनाथ निवासी गोरैया थाना अलीनगर जनपद चंदौली के रुप मे हुयी। मृतक के भाई रामकेश पटेल की सूचना पर मृतक का पंचायतनामा की कार्यवाही के उपरान्त शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया। घटना की सत्यता की जाँच की गयी तो मृतक जो किडजी स्कूल साहित्यनाका रामनगर मे सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते थे। दिनांक- 28/03/2025 को रात्रि लगभग 7 बजे ड्यूटी के बाद अपने घर के लिये चले लेकिन घर नही पहुँचा दिनांक 29/03/2025 को प्रातः लगभग 8 बजे मृतक का शव 52 बीघा जंगल मे निकट दुर्गा मंदिर के पास मिला। पूछताछ मे जानकारी करने के उपरान्त पाया कि मृतक श्यामजी पटेल का एक ही लडका है जिसका नाम राजकुमार पटेल है वह लगभग 12 वर्षो से आपसी मतभेदो के कारण अपने माता पिता से अलग अपने बीबी बच्चो के साथ रहता है उसका अपने पिता से जमीन बेचने की बात को लेकर विवाद था।

पूछताछ विवरण- घटना के सम्बन्ध में अभियुक्तगण उपरोक्त से कड़ाई से पूछताछ की गयी तो राजकुमार ने बताया कि मेरे ऊपर तीन लाख रुपये का कर्ज है जिस मैं अदा नही कर पा रहा था मैने अपने पिता से जमीन में अपना हिस्सा मांगा तो नही दे रहे थे तो मैंने कहा कि एक विस्वा जमीन बेच दो तो वह जमीन बेचने के लिए तैयार नही थे, मैं कई बार ग्राहक लाया लेकिन मेरे पिता जमीन बेचने को तैयार नही थे। मैंने यह बाते अपने साढ़ू के लड़के मयंक को बतायी तो मयंक ने कहा कि जब तुम्हारे पिता मर जायेंगे तभी जमीन तुम्हारे नाम आयेगी। तब

तुम जमीन बेच सकते हो। उसी समय मैंने अपने पिता श्यामजी को रास्ते से हटाने का मन बना लिया और दिनांक 28.03.2025 को मैंने अपने पिता को फोन किया कि जल्दी आ जाओ मैं दुर्गा मन्दिर के पास हूँ, आपको एक व्यक्ति से मिलवाना है मेरे पिता रात्रि लगभग 19.35 बजे आये जहां मैं, मयंक और एक व्यक्ति उन्हें दुर्गा मन्दिर के पास रोके और बातचीत करते हुए बगल में स्थित बावन बीघा जंगल में सुन सान स्थान पर ले गये, उनसे जमीन बेचने के लिए कहा लेकिन वह फिर भी तैयार नही हुए तो योजना अनुसार हम तीनों ने उन्हें पकड़ लिया, मयंक नें हाथ पकड़े, मैंने पैर पकड़ लिया और उन्हें जमीन पर गिरा दिया और तीसरे व्यक्ति ने मेरे पिता का गला दबा दिया व ईंट से उनके चेहरे पर मारा जिससे वह कुछ ही देर में मर गये, उनके गले को मयंक ने पैर से दबा दिया इत्मिनान होने पर की वह मर गये है, हम तीनों मौके से भाग गये थे।

<u>गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान-</u> दिनांक- 30/03/2025, स्थान- गोरैया गाँव मोड़ से थोड़ा पहले।

<u>गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-</u>

1- राजकुमार पटेल पुत्र श्याम जी पटेल निवासी ग्राम फत्तेपुर साहूपुरी थाना अलीनगर चन्दौली उम्र 39 वर्ष
2- मयंक पटेल पुत्र गुलाब चन्द्र निवासी कौशलपुरी कालोनी हैदराबाद गेट नासिरपुर सुसुवाही थाना चितईपुर वाराणसी उम्र 21 वर्ष।

<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण -</u>

1. प्र0नि0 राजू सिंह थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 श्री अमीर बहादुर सिंह चौकी प्रभारी कस्बा थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 श्री अंशू पाण्डेय थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
4. उ0नि0 श्री पंकज कुमार मिश्र थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
5. उ0नि0 श्री विरेन्द्र कुमार मौर्या थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
6. हे0का0 नवीन कुमार सिंह थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
7. का0 सर्वेश कुमार थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
8. का0 संदीप सिंह थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
9. का0 गौरव भारती थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
10. का0 शैलेन्द्र सिंह थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी।

<u>नोट-</u> श्रीमान् पुलिस उपायुक्त काशी जोन महोदय द्वारा गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम के उत्साह वर्धन हेतु 25000 रुपये के नगद पुरस्कार के पुरुस्कृत किया गया।